University in News on 23 July 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

आज और कल चॉइस फिलिंग का मौका

लविवि : बीए, बीए एलएलबी और बीएससी बायो की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीन कोर्सों बीए, बीए एलएलबी और बीएससी बायो की फाइनल मेरिट सूची जारी कर दी। मंगलवार और बुधवार को इन पाठ्यक्रमों में चॉइस फिलिंग का अंतिम अवसर होगा। ऐसे में सभी अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से चॉइस फिलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने पत्र जारी करते हुए बताया कि बीए के अभ्यर्थियों के पास चॉइस फिलिंग करने का अंतिम मौका 23 जुलाई तक जबकि एलएलबी इंटीग्रेटेड और बीएससी बायो पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 24 जुलाई तक ऑनलाइन काउंसिलिंग के तहत चॉइस फिलिंग कर सकते हैं।

इसके बाद किसी अभ्यर्थी की काउंसिलिंग और चॉइस फिलिंग पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी लॉगिन आईडी और पासवर्ड से यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग और चॉइस फिलिंग का समस्त विवरण लविवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर उपलब्ध है। किसी तरह की समस्या आने पर अभ्यर्थी प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

बीपीएड, एमपीएड की परीक्षा 26 व 27 को

लविवि के बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा क्रमशः 26 व 27 जुलाई को होगी। ऐसे में पाठ्यक्रम में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी तय तिथि को सुबह छह बजे शारीरिक शिक्षा विभाग में विभागाध्यक्ष को रिपोर्ट करें।

आज जारी होंगे परास्नातक के प्रवेश पत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक की प्रवेश परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी मंगलवार से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर पाएंगे। प्रवेश समन्वयक कार्यालय ने पत्र जारी करते हुए इस संबंध में जानकारी दी है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विवि में परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 25 जुलाई से 31 तक प्रवेश परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। इनके प्रवेश पत्र अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट के एडमिशन सेक्शन में जाकर सुबह दस बजे से डाउनलोड कर पाएंगे। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए पूर्व में दिए गए लॉगिन आईडी व पासवर्ड का उपयोग करना होगा।

27 को होगी छूटी प्रयोगात्मक परीक्षा

लविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में छूटे हुए अभ्यर्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जुलाई को कराई जाएगी। विभागाध्यक्ष प्रो. मुन्ना सिंह ने पत्र जारी करते हुए सम सेमेस्टर के सभी अभ्यर्थियों को यह सूचना दी। सभी आवेदकों को अपना प्रार्थना पत्र कॉलेज के माध्यम से फीस रशीद पांच सौ रुपये के शुल्क के साथ विभाग में जमा करानी होगी।

सातवें सेमेस्टर में डीन के माध्यम से होंगे आवेदन

लविवि में सोमवार को विज्ञान संकाय में फैकल्टी बोर्ड की बैठक में जंतु विज्ञान विभाग में स्नातक चौथे वर्ष के सातवें सेमेस्टर में प्रवेश के लिए डीन के माध्यम से आवेदन देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। वहीं कॉलेजों के विद्यार्थियों को प्रवेश के संबंध में सीटों का विज्ञापन जारी कर प्रवेश सेल के माध्यम से दाखिला देने को मंजूरी दी गई। एक फीस में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को वित्त समिति को भेज दिया गया। इसके अलावा सिलेबस में परिवर्तन व अन्य प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। (संवाद)

छह विषयों में शुरू होगा ऑनलाइन एमए

लखनऊ। लविवि में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में ऑनलाइन डिस्टेंस एजुकेशन के तहत छह विषयों में ऑनलाइन एमए पाठ्यक्रम शुरू किया जाना है। इसे लेकर सोमवार को विवि में फैकल्टी बोर्ड की बैठक हुई।

इस बैठक में इन कोर्सों से संबंधित प्रोग्राम प्रोजेक्ट रिपोर्ट (पीपीआर) पर चर्चा हुई। इसमें सभी विभागों को ऑनलाइन कोर्स का सिलेबस जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विवि जिन छह विषयों में ऑनलाइन एमए शुरू कर रहा है, उसमें एमए अंग्रेजी, एआईएच, पॉलीटिकल साइंस, संस्कृत, इकनॉमिक्स और एमएसडब्ल्यू शामिल हैं।

विभागों को जल्द सिलेबस तैयार करने के निर्देश

बैठक में सभी सदस्यों ने सभी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही विभिन्न विभागों की बोर्ड ऑफ स्टडीज से पास हुए प्रस्ताव भी बैठक में रखे गए, जो सिलेबस में परिवर्तन व अन्य विषयों से संबंधित थे, समिति ने इन्हें भी मंजूरी दी। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE III

लविवि : पांच कोर्सों में सीट आवंटन आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय पांच कोर्सों में सीट आवंटन मंगलवार को जारी करेगा। सीट आवंटन जारी होने वाले विषयों में बीवॉक, डीफार्मा, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स व बीकॉम एनईपी शामिल हैं। प्रवेश विभाग की ओर इन कोर्सों के लिए यह पहला सीट आवंटन होगा।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी दोपहर 12 बजे के बाद लॉगिन आईडी व पासवर्ड के माध्यम के सीट आवंटन देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थी को 25 जुलाई रात 12 बजे तक ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन शुल्क अनिवार्य तौर पर जमा कर देना होगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग ने बीए, बीएससी योगा में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग करवा चुके अभ्यर्थियों को मंगलवार से फीस जमा करने के निर्देश दिए हैं। यह ऑनलाइन ही लखनऊ विवि की वेबसाइट पर जमा होगी। (संवाद)

बीवॉक, डीफार्मा, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स व बीकॉम एनईपी विषय शामिल

पीजी में छह आनलाइन कोर्स कर सकेंगे विद्यार्थी

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में जल्द ही परास्नातक के आनलाइन कोर्स शुरू होंगे। सोमवार को कला संकाय बोर्ड की बैठक में परास्नातक के छह पाठ्यक्रमों को आनलाइन करने की मंजूरी दे दी गई। लोक प्रशासन विभाग के सभागार में दोपहर 2.30 बजे कला संकाय अधिष्ठाता प्रो. अरविंद मोहन की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें एम.ए अर्थशास्त्र, एम.ए समाज कार्य, एम.ए राजनीति विज्ञान, एम.ए एआइएच (ग्रुप बी कल्चर), एम.ए संस्कृत और एम.ए अंग्रेजी के आनलाइन कोर्स स्ट्रक्चर पर सहमति बनी। यह कोर्स च्वाइस बेस क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के तहत बनाया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय में इसी वर्ष से स्नातक कोर्सों की आनलाइन पढ़ाई भी शुरू कराई है। अब परास्नातक में भी तैयारी शुरू कर दी गई है। जिन विद्यार्थियों को कैंपस में प्रवेश न मिल सके, उन्हें घर बैठे लखनऊ विश्वविद्यालय से परास्नातक की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

परास्नातक में प्रवेश के लिए 25 जुलाई से परीक्षा

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 25 जुलाई से शुरू होने वाली परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं में शामिल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र मंगलवार को सुबह जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी अपने लागइन पासवर्ड के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। उधर, 26 जुलाई को बी.पी.एड और 27 जुलाई को एम.पी.एड कोर्स के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग में सुबह छह बजे होगी।

शिया कालेज में 25 जुलाई तक फीस जमा करने का मौका : शिया पीजी कालेज ने बी.ए, बी.एससी (बायो वर्ग) और बी.काम सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए पहली मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को अब 25 जुलाई तक फीस जमा करने का मौका दिया है। मीडिया प्रभारी डा. प्रदीप शर्मा ने बताया कि इसके बाद दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी।

राजर्षि टंडन विवि के लिए प्रवेश शुरू : नवयुग कन्या महाविद्यालय में संचालित राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय केंद्र पर जुलाई सत्र के स्नातक व परास्नातक कोर्सों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि किसी कोर्स में एडमिशन के लिए समन्वयक ऐश्वर्या सिंह से सुबह 10 से तीन बजे तक संपर्क किया जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से आनलाइन है। अभ्यर्थी वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर कालेज और सेंटर कोड देखकर आवेदन कर सकते हैं।

लवि : बीए की प्रवेश सूची जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को बी.ए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी कर दी। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से इस देख सकते हैं। च्वाइस फिलिंग का मौका 23 जुलाई तक दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले च्वाइस फिलिंग कर दी थी, वह पुन : अपने विकल्प को बदल सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई मौका नहीं दिया जाएगा।

छूटे विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 को : लखनऊ विश्वविद्यालय का वनस्पति विज्ञान विभाग स्नातक दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के छूटे विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जुलाई को सुबह 11 बजे कराएगा। विभागाध्यक्ष प्रो. मुन्ना सिंह ने सोमवार को इसकी सूचना जारी की। कालेजों के छात्र-छात्राओं को अपने संबंधित कालेज के माध्यम से आवेदन व 500 रुपये लवि में आनलाइन वित्त अधिकारी के नाम 24 जुलाई तक जमा करना है।

लवि ने जारी की हास्टल आवंटन सूची : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एम.काम, एम.बी.ए और एम.ए तीसरे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को हास्टल का पुन : आवंटन कर दिया है। इसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दी गई। चयनित छात्र-छात्राओं को हास्टल की फीस 25 जुलाई तक जमा करने का मौका दिया गयाहै।

HINDUSTAN PAGE 7

बीए, एलएलबी पांच वर्षीय बीएससी बायो की मेरिट जारी

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीए एनईपी, एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय और बीएससी बायोलॉजी एनईपी पाठ्यक्रम की कंप्लीट मेरिट सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अभ्यर्थी देख सकते हैं। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी मेरिट सूची देखकर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर जाकर चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। चॉइस फिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को अपनी लॉगिन आईडी का प्रयोग करना होगा। जो अभ्यर्थी पहले से चॉइस फिलिंग कर चुके हैं, वह बदलाव भी सकते हैं। बीए एनईपी पाठ्यक्रम में चॉइस फिलिंग और उसमें बदलाव करने का मौका 23 जुलाई तक ही मिलेगा।

जबकि एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय और बीएससी बायोलॉजी एनईपी पाठ्यक्रम के लिए 24 जुलाई तक चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। ऑनलाइन काउंसलिंग और चॉइस फिलिंग से सम्बंधित सभी जानकारियां एलयू की वेबसाइट पर दी गई हैं।

बॉटनी के छूटे छात्रों को प्रैक्टिकल देने का मौका

एलयू में बीएससी बॉटनी के दूसरे और चौथे सेमेस्टर में छूटे विद्यार्थियों को सत्र 2023-24 के प्रैक्टिकल देने का मौका है। प्रैक्टिकल 27 जुलाई को होंगे। छात्रों को सुबह 11 बजे पहुंचना होगा। 24 जुलाई तक कॉलेज में प्रार्थना पत्र देना होगा। साथ में 500 रुपये की फीस रसीद भी देनी होगी। बॉटनी के छठे सेमेस्टर में छूटे विद्यार्थियों को सत्र 2023-24 के प्रैक्टिकल देने का मौका 29 जुलाई को मिलेगा। प्रैक्टिकल सुबह 11 बजे से होगा। 26 जुलाई तक अपने कॉलेज में प्रार्थना पत्र देना होगा। 500 रुपये की फीस रसीद भी देनी होगी।

बीपीएड-एमपीएड की शारीरिक दक्षता परीक्षा 26 व 27 को : एलयू में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया 2024-25 के अंतर्गत बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों के लिए शारीरि दक्षता की डेट घोषित कर दी गई है।

प्रवेश समन्वयक के मुताबिक बीपीएड की शारीरिक दक्षता परीक्षा 26 जुलाई और एमपीएड की 27 जुलाई को होगी। अभ्यर्थियों को शारीरिक शिक्षा विभाग में सुबह छह बजे रिपोर्ट करना होगा। किसी को कोई समस्या है तो वह प्रवेश समन्वयक से सम्पर्क कर सकता है।

एलयू में पार्टटाइम एमटेक के लिए 31 तक आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पार्ट टाइम एमटेक कार्यक्रम के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अभ्यर्थी अब एलयू की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। एलयू की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया 2024-25 के तहत पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम में आवेदन जारी हैं। इस सत्र से एलयू में पांच स्ट्रीम में पार्ट टाइम एमटेक की पढ़ाई हो सकेगी। कुल 100 सीट पर एडमिशन लिए जाएंगे।

एलयू में एमएससी, एमए के नतीजे जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के तहत स्नातक और परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी विवि की वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकते हैं।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमए उर्दू चौथे सेमेस्टर, एमए बायोस्टेटिस्टिक्स चौथे सेमेस्टर, एमपीएड ओल्ड दूसरे सेमेस्टर, एमए फिजिक्स दूसरे सेमेस्टर, एमएससी बायोस्टेटिस्टिक्स दूसरे सेमेस्टर, एमएड एजुकेशन चौथे सेमेस्टर, एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन दूसरे सेमेस्टर, एमए वेद, एमए शास्त्रीय, समेत रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं।

i-NEXT PAGE 4

एलएलबी, बीएससी बायो की मेरिट लिस्ट जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को पांच वर्षीय एलएलबी और बीएससी बायोलाजी (एनईपी) में प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर दी है. इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं.

एलयू में बीए की प्रवेश सूची जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को बीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी कर दी. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से इस देख सकते हैं. च्वाइस फिलिंग का मौका 23 जुलाई तक है. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले च्वाइस फिलिंग कर दी थी, वह पुन: अपने विकल्प को बदल सकते हैं. निर्धारित तिथि के बाद कोई मौका नही दिया जाएगा.

छूटे विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल एग्जाम 27 को

लखनऊ विश्वविद्यालय का वनस्पति विज्ञान विभाग स्नातक दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के छूटे विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 27 जुलाई को सुबह 11 बजे कराएगा. विभागाध्यक्ष प्रो. मुन्ना सिंह ने सोमवार को इसकी सूचना जारी की. कालेजों के छात्र-छात्राओं को अपने संबंधित कालेज के माध्यम से आवेदन व 500 रुपये एलयू में आनलाइन वित्त अधिकारी के नाम 24 जुलाई तक जमा करना है.

एलयू ने जारी की हास्टल आवंटन सूची

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमकाम, एमबीए और एमए तीसरे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को हास्टल का पुन: आवंटन कर दिया है. इसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दी गई. चयनित स्टूडेंट्स को हास्टल की फीस 25 जुलाई तक जमा करने का मौका दिया गया है.

आज मिलेगा एडमिट कार्ड

लखनऊ विश्वविद्यालय में 25 जुलाई से शुरू होने वाली पीजी कोर्सों की प्रवेश परीक्षाओं में शामिल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र मंगलवार को सुबह जारी कर दिए जाएंगे. अभ्यर्थी अपने लागइन पासवर्ड के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं. उधर, 26 जुलाई को बीपीएड और 27 जुलाई को एमपीएड कोर्स के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग में सुबह छह बजे होगी.

AMRIT VICHAR PAGE 5

एलएलबी- बीएससी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, काउंसिलिंग शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर च्वॉइस फिलिंग की सुविधा उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी-बीएससी पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी किया है। परीक्षाफल में एलएलबी (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय) और बीएससी एलएलबी (बायोलॉजी नेप) शामिल हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि परीक्षाफल आने के बाद ऑनलाइन काउंसिलिंग आरंभ हो गई है। विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज अंतर्गत च्वाइस फिलिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। इसमें ऑप्शन में जाकर पूर्व में दिए गए लॉगिन आईडी के माध्यम से अभ्यर्थी बुधवार तक इस सुविधा लाभ ले सकते हैं।

वहीं परास्नातक प्रवेश परीक्षा सत्र (2024-25) में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी मंगलवार को पूर्व में दिए गए लॉग इन आईडी पासवर्ड का प्रयोग कर सकते हैं। इसके माध्यम से अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा दी जा रही है।

दूसरी ओर बीए नेप की काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग को लेकर मंगलवार का मौका विवि की ओर से दिया गया है। विवि की वेबसाइट पर अभ्यर्थी ऑप्शन में जाकर लॉगिन आईडी के माध्यम से च्वाइस फिलिंग के आधार पर विषयों का निर्धारण कर सकते हैं।

19 विषयों के परीक्षाफल घोषित

लखनऊ विवि ने 19 विषयों के परीक्षाफल घोषित किये हैं। इसमें एमएम, एमपीएड, एमएससी, एमएड, एमए, एमपीएच, एमएससी, एलएलबी तीन वर्ष और पांच वर्ष सहित अन्य विषयों के परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

26 और 27 को होंगी एमपीएड - बीपीएड की परीक्षाएं: लविवि 26 जुलाई को बीपीएड की परीक्षा और 27 को एमपीएड परीक्षाएं कराएगा। शारीरिक दक्षता की परीक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रातः 6 बजे से आयोजित होंगी।

27 को प्रयोगात्मक परीक्षाएं: यूजी रेगुलर में बॉटनी द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षा 27 को सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। विद्यार्थियों को आवेदन के साथ 500 रुपये धनराशि भी जमा करना अनिवार्य है।

बीबीएयू-विधि विवि में सीटें खाली सीयूईटी के परिणाम का इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : सीयूईटी परीक्षा परिणाम न आने का असर अभ्यर्थियों पर ही नहीं विश्वविद्यालय के सत्र पर भी पड़ता दिख रहा है। आलम ये है कि कई विवि तो शैक्षणिक कैलेण्डर भी जारी कर चुके हैं।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विक्रम यादव का कहना है कि इंजीनियरिंग के सभी यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश सीयूईटी के तहत होगा। कुल 300 सीटें खाली हैं। परिणाम आते ही प्रवेश और काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि बीए और बीकॉम में सीयूईटी के तहत प्रवेश लिया जा रहा है। इसको लेकर दोनों पाठ्यक्रमों में कुल 100 से अधिक सीटें खाली हैं। शैक्षणिक कैलेण्डर जारी किया जा चुका है। परीक्षाफल लंबित होने से शैक्षणिक कार्यों पर असर पड़ेगा।

छात्रों के भविष्य पर संकट

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) यूजी के परीक्षा परिणाम आने की उम्मीद थी, शाम तक परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो सका। लखनऊ विश्वविद्यालय में एनएसयूआई की स्थानीय इकाई अध्यक्ष सुधांशु शर्मा का कहना है कि कई विश्वविद्यालयों ने यूजी प्रवेश को लेकर सीयूईटी प्रक्रिया अपनाई थी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने इसे अपनाया लेकिन कारगर नहीं रही, लग रहा है कि ये परिणाम भी लटक जाएंगे। ऐसे में लाखों छात्रों के भविष्य पर संकट है।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. पवन त्रिपाठी का कहना है कि एमबीए और एमएसए कोर्स में संबद्ध संस्थानों में प्रवेश लंबित हैं। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने कहा कि प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जानी है।

एकेटीयू ने बीआर्क पंजीकरण की तिथि बढ़ाई

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में बीआर्क (बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर) की काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि को 10 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी अब बी आर्क में प्रवेश के लिए 10 अगस्त तक पंजीकरण करा सकते हैं। बी आर्क में एडमिशन नाटा की मेरिट के आधार पर होगा।